Hindi

Public Libraries

जनता पुस्तकालय आपका स्वागत करता है !

न्यू साउथ वेल्ज़ में जनता पुस्तकालय निःशुल्क हैं ।

चले आएँ और खोज निकालें:

- बहुत सारे विषयों पर पुस्तकें – कला, खेल–कूद, संगीत तथा अन्य
- मनोरंजन के लिए पुस्तकें, जैसे कि उपन्यास और साहसिक कार्यो की कहानियाँ
- पत्रिकाएँ, समाचार–पत्र, डीवीडी व सीडी
- बच्चों के लिए पुस्तकें
- अँग्रेज़ी सीखने के लिए पुस्तकें व अन्य संसाधन (resources)
- इन्टरनेट इस्तेमाल करने की सुविधा
- अँग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं में बच्चों व वयस्कों के लिए पुस्तकें
- जगहें,जहाँ आप अध्ययन कर सकते हैं, या जहाँ बैठ कर आप केवल पढ़ सकते हैं ।

सभी जनता पुस्तकालयों के माध्यम से न्यू साउथ वेल्ज़ के राजकीय पुस्तकालय में ४० से अधिक भाषाओं में पुस्तकें उपलब्ध हैं । आपके पुस्तकालय की अलमारी में यदि आपकी भाषा में पुस्तकें नहीं हैं, तो पुस्तकालयाध्यक्ष से कहें कि वे राजकीय पुस्तकालय से आपके के लिए कुछ पुस्तकें उपलब्ध करा दें ।

यह सेवा निःशुल्क है ।

अपने स्थानीय पुस्तकालय में आपको निम्नलिखित सुविधाएँ भी मिलेंगी:

- आपकी सहायता करने के लिए लोग, भले ही वे आपकी भाषा न बोल पाएँ
- सभी आयु के लोगों के लिए अनेक प्रकार की सेवाएँ व गतिविधियाँ

सप्ताह के दौरान, संध्याकाल में व सप्ताहांत में खुलने का समय सभी पुस्तकालयों में अलग –अलग है ।

पुस्तकालय का सदस्य बनना सरल है । अपने घर या जहाँ आप काम करते हैं, उसके समीप के पुस्तकालय में अपने साथ कोई पहचान चिह्न, जिस पर आपका नाम व वर्तमान पता लिखा हो, ले जाइए। बच्चों को सदस्य बनने के लिए आमतौर पर माता–पिता के हस्ताक्षरों की आवश्यकता होती है।

जनता पुस्तकालय सभी के लिए हैं: आपके लिए, आपके परिवार व मित्रों के लिए।

Produced by the State Library of New South Wales
www.sl.nsw.gov.au 2009